## खबर संक्षेप

### जबलपुर-अयोध्या कैंट स्पेशल ट्रेन डभौरा स्टेशन पर दो मिनट रुकेगी

**सतना।** रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए चल रही समर स्पेशल ट्रेन गाडी क्रमांक 01701/01702 जबलपुर-अयोध्या कैंट-जबलपुर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन का उत्तर मध्य रेल के डभौरा स्टेशन पर दो मिनट का अतिरिक्त ठहराव प्रदान किया गया है। गाडी संख्या 01701 जबलपुर-अयोध्या कैंट साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन दिनांक 09 मार्च 2025 से जबलपुर से प्रस्थान करने वाली गाड़ी डभौरा स्पेशन पर आगमन/प्रस्थान समय मध्य रात्रि 00:48/00:50 बजे रहेगा।इसी प्रकार गाडी संख्या 01702 अयोध्या कैंट-जबलपुर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन दिनांक 10 अप्रैल 2025 से अयोध्या कैंट से प्रस्थान करने वाली गाडी डभौरा स्पेशन पर अनागम और प्रस्थान 23:10 और 23:12 बजे रहेगा।

### हाट बाजार एंव पीसीसी रोड निर्माण की रखी गई आधार शिला




**मैहर।** ग्राम पंचायत बंशीपुर में बुधवार को 36.20 लाख की लागत से हाट बाजार एवं कौशल उन्नयन पीसीसी रोड निर्माण की आधार शिला रखी गई। सांसद गणेश सिंह,मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल की गरिमामय उपस्थिति में भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर ग्रामपंचायत सरपंच सुमन श्रीराम पटेल,कुलदीप तिवारी मंटू पटेल,इंद्रपाल पटेल,राकेश मौर्य,बीरेंद्र पटेल,विनोद चौरसिया,रावेंद्र सिंह,विजय पटेल,दिलीप पटेल,संतोष सोनी एवं काफी मात्रा में स्थानीय जनता जनार्दन एवं समाज सेवीजन प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### महर्षि कश्यप की दिव्य झांकी बनी आकर्षण का केंद्र



**सतना।** श्रीरामनवमी के पावन अवसर पर हिंदू पर्व समन्वय समिति के तत्वावधान में सतना शहर में भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। इस शोभायात्रा में श्री कसौंधन वैश्य समाज,सतना द्वारा प्रस्तुत की गई महर्षि कश्यप ऋषि की दिव्य झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। समाज की झांकी को क्रमांक 56 प्राप्त हुआ था।

### युवा वैज्ञानिक पुरस्कार से सम्मानित की गई सतना की भावना



**सतना।** भावना सिंह परिहार ने मध्य प्रदेश यंग साइंटिस्ट कांग्रेस के 40वें संस्करण में यंग साइंटिस्ट अवार्ड जीतकर जिले का नाम रोशन किया है। यह सम्मेलन 27 से 29 मार्च तक विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन में आयोजित किया गया था।इस दौरान 250 से अधिक शोध पत्र प्रस्तुत किए गए,जिनमें गणितीय विज्ञान श्रेणी में भावना सिंह को प्रथम पुरस्कार मिला। उन्हें पुरस्कार स्वरूप 25 हजार रुपये की सम्मान राशि प्रदान की गई। भावना वर्तमान में मौलाना आजाद नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (मैनिट), भोपाल में पीएचडी स्कॉलर हैं। उनकी उपलब्धियों की सूची में इंडिया इंटरनेशनल साइंस फेस्टिवल 2023 में प्राप्त युवा वैज्ञानिक पुरस्कार भी शामिल है। भावना सिंह परिहार के पिता नरेंद्र सिंह परिहार और माता वंदना सिंह परिहार ने बेटी की इस सफलता पर गर्व व्यक्त किया। शुरुआत से ही मेधावी छात्रा रहीं भावना ने अपने मास्टर्स में गोल्ड मेडल हासिल किया था। उन्होंने दसवीं तक की पढ़ाई भारतीय विद्या भवन प्रिज्म स्कूल से की,जहां वे विभिन्न प्रतियोगिताओं में सक्रिय रूप से भाग लेती थीं। आठवीं कक्षा में,उन्होंने चार अन्य छात्रों के साथ मिलकर इंदौर में आयोजित एक क्विज़ प्रतियोगिता में तीसरा स्थान हासिल कर अपने स्कूल का नाम रोशन किया था।

### जवारे एवं कलश यात्रा में शामिल हुए सांसद प्रतिनिधि

**मैहर।** रेलवे स्टेशन के पास रैन बसेरा से जवारे एवं कलश यात्रा का शुभारंभ किया गया। यात्रा रेलवे स्टेशन से माँ शारदा माता मंदिर तक गई जिसमें सांसद प्रतिनिधि संतोष सोनी के द्वारा नगर पालिका कार्यालय के सामने जवारे व कलश यात्रा का फूल माला एवं मिष्ठान के साथ भव्य स्वागत किया गया। सांसद प्रतिनिधि संतोष सोनी यात्रा के साथ बड़ा अखाडा गेट तक शामिल रहे व माता का आशीर्वाद प्राप्त किया।

# ... हाय मैडम! हेलो मैडम!!

## पीएम श्री कॉलेज के प्रोफेसर का वीडियो वायरल; प्रिंसिपल बेखबर



स्कूल-कॉलेज में छात्र-छात्राओं द्वारा रील बनाने का वीडियो तो सोशल मीडिया में वायरल हो चुका है।

**सतना।**

इस मामले में कई बार कार्यवाही भी की गई है। लेकिन इस बार एक ऐसा वीडियो वायरल हो रहा है जिसे देखकर लोग खासा अचंभित है। यह वीडियो किसी छात्र द्वारा बनाकर वायरल नहीं किया गया है बल्कि सतना कॉलेज के एक जिम्मेदार प्रोफेसर का है,जो वीडियो में ढोलक बजाते हुए हाय मैडम! हेलो मैडम!! बोल रहे हैं और जब पैसा निछावर किया जाता है तो दांत में नोट दबाकर वह ढोलक बजाते मगन नजर आ रहे हैं। इतना सब कुछ कॉलेज में हो गया है लेकिन यहां के प्रिंसिपल को फिलहाल कोई खबर नहीं है।

### फरवरी महीने का वीडियो

पीएमश्री कॉलेज के प्रोफेसर का एक वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है जिसे फरवरी महीने का बताया जा रहा है। जिसमें ढोलक बजाकर डांस किया जा रहा है। प्रोफेसर का वीडियो वायरल होने के बाद सवाल उठ रहे हैं कि क्या प्रोफेसर का यह तरीका अनुशासित है? ढोलक बजाकर नाचने के पीछे कारण यह बताया जा रहा है कि वेतन में वृद्धि होने के कारण प्रोफेसर साहब ज्यादा खुश हैं।

### हो चुकी है कार्यवाही

ज्ञात हो कि पूर्व में एक छात्र और छात्रा ने कैंपस में रील बना कर वीडियो वायरल किया था,जिसके बाद छात्र-छात्रा के खिलाफ एफआईआर दर्ज करा दी थी। लेकिन इस बार एक प्रोफेसर ने ही इस तरह का वीडियो बनाया जिस पर अब यह कहा जा रहा है कि उनके खिलाफ कार्रवाई कौन करेगा। वीडियो वायरल होने के बाद कॉलेज के छात्र और छात्राएं नाराज हैं।।

### कौन है प्रोफेसर

वायरल वीडियो के संबंध में बताया जता है कि पिछले दिनों सरकार ने प्रोफेसरों की वेतन वृद्धि का तोहफा दिया था। वेतन वृद्धि की खुशी में प्रोफेसर विनोद रस्तोगी सहित सभी इतने उत्साहित हो गए कि कैंपस के गार्डन में एकत्र होकर जश्न मनाने लगे। जश्न के बीच सबसे अधिक उतावलापन प्रो.विनोद में देखने को मिला। जिन्होंने ढोलक उठाई और थाप देनी शुरू कर दी। वे यहीं पर नहीं रुके सहकर्मी महिला प्रोफेसर के सामने आते हुए हाय मैडम,हैलो मैडम भी गुनगुनाने लगे। इसके बाद आवाज आई कि न्यौछावर किया जाए। एक महिला प्रोफेसर नोट लेकर न्यौछावर किया। जिसमें से कुछ नोट प्रोफेसर विनोद रस्तोगी ने मुंह में दबा लिया। हाय मैडम,हैलो मैडम वाली ठिठोली प्रोफेसर ने खुलेआम की



## मैहर में हाईटेंशन लाइन की चपेट में आया डंपर जलकर हुआ खाक

### ड्राइवर ने कूदकर बचाई जान

**मैहर।**

जिले के अमरपाटन नेशनल हाईवे 30 पर नादन टोला के पास मंगलवार रात को मिट्टी ढो रहा डंपर हाई टेंशन लाइन की चपेट में आ गया। करंट लगते ही डंपर में आग लग गई। चालक ने कूदकर अपनी जान बचाई। वह घायल हो गया,इस दौरान चंद मिनटों में पूरा वाहन जलकर राख हो गया। घटना की सूचना मिलते ही अमरपाटन थाना पुलिस मौके पर पहुंची। आग की गंभीरता को देखते हुए फायर ब्रिगेड को भी बुलाया गया। फायर ब्रिगेड की अनुपलब्धता के कारण पहले अमरपाटन नगर परिषद का पानी से टैंकर भेजा गया। टैंकर से आग बुझाने की कोशिश की गई। लेकिन जरूरी अग्निशमन उपकरणों के अभाव में आग पर काबू नहीं पाया जा सका। बाद में मैहर नगर परिषद की फायर ब्रिगेड पहुंची। तब तक डंपर पूरी तरह जल चुका था।

### नागरिकों ने लगाया लापरवाही का आरोप

स्थानीय लोगों ने प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया। उनका कहना है कि अमरपाटन जैसे व्यस्त इलाके में फायर ब्रिगेड की सुविधा होनी चाहिए। समय पर सही उपकरण और टीम होती तो नुकसान कम होता। घायल चालक को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## चित्रकूट में आग से 32 घर जलकर स्वाहा, 5 लोग झुलसे

### डेढ़ सौ से ज्यादा लोग खुले आसमान में रहने को मजबूर



**सतना।** चित्रकूट के राजापुर तहसील के भदेदू गांव में भीषण आग लगने से 32 घर जलकर राख हो गए। इस हादसे में 5 लोग झुलस गए। आग से पीड़ित परिवारों का गृहस्थी का सामान,आभूषण और अनाज जलकर नष्ट हो गया। घटना से प्रभावित लगभग 150 से ज्यादा लोग अब खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हैं। पीड़ितों ने प्रशासन पर नुकसान का गलत आकलन करने का आरोप लगाया है।पीड़ित राजेश,कलावती,सुनीता और मनोज कुमार ने बताया कि लाखों रुपये के नुकसान को आंशिक क्षति दिखाकर मात्र 9 हजार रुपये की आर्थिक मदद दी गई है। एक ही घर में रहने वाले कई लोगों को अलग-अलग लाखों का नुकसान हुआ है। लेकिन प्रशासन ने प्रति परिवार केवल एक व्यक्ति को ही सहायता राशि दी है।पीड़ितों का आरोप है कि प्रशासन कुछ राहत सामग्री देकर सोशल मीडिया पर फोटो डालकर दिखावा कर रहा है।



## शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण कर जिले की ग्रेडिंग में सुधार लायें-कलेक्टर

### समय-सीमा प्रकरणों की बैठक में सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा

**सतना।**

कलेक्टर रानी बाटड ने जिले के अधिकारियों को सीएम हेल्पलाइन के अधिक से अधिक प्रकरणों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण कर एक हफ्ते के भीतर जिले की ग्रेडिंग में सुधार लाने के निर्देश दिये हैं। बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई बैठक में अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह,एसडीएम विकास सिंह,डॉ. आरती सिंह,मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एलके तिवारी,डीपीसी विष्णु त्रिपाठी, डीपीओ राजेन्द्र बांगरे,सीईओ जनपद प्रतिपाल बागरी सहित विभाग प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर रानी बाटड ने कहा कि गत सप्ताह सीएम हेल्पलाइन में पर्याप्त ध्यान नहीं देने से मैहर जिला फिलहाल बाटम के जिलों में आ गया है। अभी मासिक ग्रेडिंग के लिए 8-10 दिन का समय है। सभी विभाग संतुष्टिपूर्ण निराकरण पर फोकस कर अधिकाधिक प्रकरणों का निराकरण करें और जिले की ग्रेडिंग में सुधार लायें। कलेक्टर ने कहा कि पुरानी शिकायतों को गंभीरता से देखे और पुरानी शिकायतों में फोर्स क्लोजर कम से कम किये जाये। सीएम हेल्पलाइन में ऊर्जा विभाग 1119, पंचायत ग्रामीण विकास 921, पीएचई 1133, राजस्व 587, स्वास्थ्य 228 शिकायतें लंबित पाई गई। सूचना प्रोद्योगिकी की शिकायतों में कलेक्टर ने कहा कि अगली टीएल बैठक में समग्र से संबंधित शिकायतों का निराकरण नहीं होने पर सीईओ जनपद और सीएमओ नगरीय निकाय का एक दिन का वेतन काटा जायेगा। कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी शनिवार-रविवार अवकाश में भी सीएम हेल्पलाइन का कार्य देखें। स्कूल चले हम अभियान की समीक्षा में कलेक्टर ने कहा कि मैहर मंदिर के आसपास की बस्तियों के बच्चों का स्कूल में पंजीकरण सुनिश्चित कराये। मंदिर परिसर में इधर-उधर घूमने वाले बच्चे नियमित रूप से स्कूल जाये यह सुनिश्चित करना डीपीसी की जिम्मेदारी होगी।पेयजल की स्थिति की समीक्षा में जल निगम के महाप्रबंधक ने बताया कि जिले के 127 गांव पेयजल आपूर्ति से फुली कवर्ड है जबकि 65 गांवों में परियोजना से प्रतिदिन पेयजल दिया जा रहा है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी ने बताया कि 300 से ज्यादा हैण्डपंप जल स्तर नीचे जाने पर और 200 के लगभग हैण्डपंप साधारण खराबी से बंद है। अभी किसी गांव या नगरीय निकायों में पेयजल परिवहन की स्थिति नहीं बन रही है। कलेक्टर ने जिले के पेयजल समस्या मूलक 17 गांवों की पेयजल कार्य योजना तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिये।

## महंगा पड़ा सरकारी जमीन में अतिक्रमण, चली गई सरपंची

**सतना।**

सरकारी जमीन पर अतिक्रमण करना एक सरपंच को महंगा पड़ गया। हाईकोर्ट ने मामले को संजीदगी से लेते हुए सरंपच के चुनाव को रद्द कर दिया है।मामला मैहर जिले की ग्राम पंचायत बदेरा के सरपंच बद्री प्रसाद विश्वकर्मा का है।यह फैसला पंचायत चुनावों की निष्पक्षता को सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। यदि इसे आधार बनाकर सूक्ष्मता से जांच कराई जाय तो सतना व मैहर जिले के कई सरपंच अतिक्रमणकारी के दायरे में आ सकते हैं।

### क्या है मामला

दरअसल याचिकाकर्ता रावेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा हाईकोर्ट में रिट याचिका क्रमांक 3326/2025 दायर कर आरोप लगाया गया था कि बद्री प्रसाद विश्वकर्मा ने नामांकन के समय गलत जानकारी दी और शासकीय भूमि पर अतिक्रमणकर्ता होने के बावजूद चुनाव लड़ा। याचिका में याचिकाकर्ता ने दावा किया कि एसडीएम,मैहर ने 23 दिसंबर 2024 को प्रतिवादी के पक्ष में निर्णय देकर उन्हें अनुचित रूप से संरक्षण प्रदान किया,क्योंकि मप्र पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम,1993 की धारा 36 (1) (सीसी) के अनुसार,शासकीय भूमि पर अतिक्रमण करने वाला व्यक्ति पंचायत पद हेतु अयोग्य होता है। न्यायालय में प्रस्तुत रिकॉर्ड के अनुसार,बद्री प्रसाद विश्वकर्मा 200 बाई 200 वर्गफीट शासकीय भूमि (सर्वे नंबर 512/2/क/1) पर अतिक्रमणकर्ता पाए गए थे। याचिकाकर्ता के अनुसार,प्रतिवादी ने नामांकन पत्र में झूठा शपथ-पत्र दिया कि उसने कोई अतिक्रमण नहीं किया है।

### हाईकोर्ट ने माना, कानून सम्मत नहीं था एसडीएम का आदेश

याचिकाकर्ता रावेंद्र सिंह द्वारा प्रस्तुत किए गए दस्तावेजों व तर्कों का अध्ययन व परीक्षण करने के उपरांत हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति विवेक अग्रवाल की एकल पीठ ने माना कि एसडीएम द्वारा पारित आदेश कानून सम्मत नहीं था और बद्री प्रसाद विश्वकर्मा ने नामांकन के समय गलत जानकारी दी और शासकीय भूमि पर अतिक्रमणकर्ता होने के बावजूद चुनाव लड़ा। इसे नियमविरूद्ध मानते हुए हाईकोर्ट की एकल पीठ ने ग्राम पंचायत बदेरा के सरपंच बद्री प्रसाद विश्वकर्मा का सरपंच पद पर निर्वाचन रद्द किया गया।

### दुनिया में भगवान के बाद दूसरा दर्ज़ा मिला है तो सिर्फ डॉक्टर को: चतुर्वेदी

## मैहर सिविल अस्पताल में मनाया गया होम्योपैथी दिवस




**मैहर।**

चिकित्सा के क्षेत्र में अनेकों विद्वानों में से एक डॉक्टर क्रिश्चियन फ्रेडरिक सैमुअल हैनीमैन थे जिन्होंने होम्योपैथी पद्धति से लोगों के उपचार के लिए एक बड़े मार्ग की तलाश की थी और पूरे देश भर में होम्योपैथिक के माध्यम से बेहतर इलाज की एक बड़ी पद्धति सामने आई थी जिसको लेकर के पूरे विश्व में 10 अप्रैल को उनकी जयंती मनाई जाती है। मैहर सिविल अस्पताल में आयोजित कार्यक्रम में मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी,भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष कमलेश सुहाने,वरिष्ठ समाज सेवी नीरज गर्ग,अध्यक्ष मेडिकल एसोसिएशन संजय जादवानी,रीता आहूजा,डॉक्टर बीके गौतम,डॉक्टर विकास सिंह,डॉक्टर जितेंद्र तिवारी, डॉक्टर प्रिया श्रीवास्तव,डॉ.विक्रम सिंह,डॉ वीके त्रिपाठी सहित स्टाफ उपस्थित रहा। इस अवसर पर मैहर विधायक श्री चतुर्वेदी ने बताया कि आज के दिन होम्योपैथी के संस्थापक जर्मन चिकित्सक डॉ.क्रिश्चियन फ्रेडरिक सैमुअल हैनीमैन की जयंती मनाई जाती है। 10 अप्रैल 1755 को पेरिस में जन्मे हैनीमैन एक प्रशंसित वैज्ञानिक, महान विद्वान और भाषाविद् थे उन्होंने होम्योपैथी के इस्तेमाल से इलाज का तरीका खोजा। होम्योपैथी भारत में पहली बार 1810 में आई जब जर्मन मिशनरियों ने दवाइयों का वितरण शुरू किया।1839 में इसे बढ़ावा मिला जब डॉ.जॉन होनिगबर्गर को महाराजा रणजीत सिंह के स्वरयंत्र के पक्षाघात और सूजन के इलाज के लिए बुलाया गया।



## एकेएस माइनिंग के छात्रों ने मूनिधी मैकेनाइज्ड माइन में देखी लॉन्गवॉल टेक्नोलॉजी

**सतना।** एकेएस विश्वविद्यालय,सतना,के 14छात्रों ने मूनिधी मैकेनाइज्ड माइन में लॉन्गवॉल टेक्नोलॉजी का अनुभव प्राप्त किया। यह माइन झारखंड के धनबाद जिले में स्थित है और भारत की सबसे बड़ी कोयला खनन कंपनियों में से एक है।माइनिंग के वरिष्ठ फैकल्टी प्रोफेसर अनिल कुमार मित्तल ने बताया कि लॉन्गवॉल माइनिंग भूमिगत कोयला खनन का एक रूप है।लॉन्गवॉल विधि की तुलना शॉर्टवॉल, रूम-एंड-पिलर और कई अन्य विधियों से की जाती है।छात्रों ने माइन के विभिन्न हिस्सों का दौरा किया और लॉन्गवॉल टेक्नोलॉजी के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने माइन के सुरक्षा उपायों और पर्यावरण संरक्षण के प्रयासों को भी देखा।इस दौरे का उद्देश्य छात्रों को व्यावहारिक ज्ञान और उद्योग के साथ जुड़ने का अवसर प्रदान करना था। यह दौरा छात्रों के लिए बहुत ही लाभदायक साबित हुआ और उन्हें अपने भविष्य के करियर के लिए तैयार करने में मदद की। स्टूडेंट के लिए हुई इस विजिट पर इंजीनियरिंग डीन डॉ.जी.के.प्रधान,प्रो.अनिल कुमार मित्तल,प्रो.दास गुप्ता,माइनिंग विभागअध्यक्ष प्रो. बी.के. मिश्रा ने संतोष व्यक्त किया है।

## खबर संक्षेप

### राममिलन तिवारी बने नगर परिषद अमानगंज सीएमओ



**अमानगंज।** नगर परिषद अमानगंज के मुख्य नगरपालिका अधिकारी के रूप में राममिलन तिवारी ने आज दिनांक 9 अप्रैल 2025 को पदभार संभाला उनका स्वागत फूल माला एवं रोरी तिलक से किया गया। ज्ञात हुआ है कि राममिलन तिवारी को नगरीय प्रशासन द्वारा प्रभारी सीएमओ के रूप में नगर परिषद अमानगंज नियुक्त किया है। नगर परिषद अमानगंज अध्यक्ष श्रीमती सारिका खटीक ने उनको नपा अमानगंज में सीएमओ के रूप में जॉइनिंग दी और उनका स्वागत किया। इस मौके पर नगर परिषद कर्मचारी एवं मीडिया तंत्र की उपस्थिति देखी गई।

### 22 अप्रैल तक मनाया जाएगा पोषण पखवाड़ा



**पन्ना।** पोषण अभियान के अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 8 से 22 अप्रैल तक पोषण पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। पखवाडे.के दौरान जिले में गर्भवती महिलाएं, किशोरी बालिकाएं, 6 साल तक के बच्चे व जनप्रतिनिधियों को शामिल कर विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से पोषण एवं स्वास्थ्य शिक्षा के प्रति जागरूकता एवं कुपोषण को दूर करने के प्रयास किया जा रहा है। इस क्रम में पन्ना शहरी बाल विकास परियोजना में जीवन के प्रथम एक हजार दिवस की थीम पर केन्द्रित गतिविधियां आयोजित की गई। समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों में प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। इसके अलावा गोद भराई, गर्भवती महिला की पोषण थाली का प्रदर्शन एवं चर्चा, गर्भावस्था के दौरान आयरन एवं कैल्शियम की दवाओं के सेवन की उपयोगिता तथा साप्ताहित टेक होम राशन वितरण एवं शिशु व माताओं में संक्रमण रोकने के लिए स्वच्छता पर चर्चा भी की गई। गर्भावस्था में पोषण स्वास्थ्य देखभाल व जन्म के प्रथम 6 माह में केवल स्तनपान का महत्व के बारे में भी बताया गया। गर्भावस्था के दौरान स्वास्थ्य जांच एवं टीकाकरण व कुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य जांच के संबंध में भी समझाईश दी गई। कार्यक्रम में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम से डॉ. दिलीप गुप्ता, परियोजना अधिकारी किरण खरे, पर्यवेक्षक अंजली गुप्ता सहित आकाश शर्मा, अमित नायक व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका एवं हितग्राहीगण उपस्थित रहे।

### दुधारू गायों की पुरस्कार प्रतियोगिता संपन्न

**पन्ना।** पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा दो पृथक श्रेणियों में क्रमशः प्रदेश की मूल गौवंशीय नस्ल एवं भारतीय उन्नत नस्ल की दुधारू गायों की पुरूस्कार प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिला कलेक्टर के निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ की अध्यक्षता में आयोजित प्रतियोगिता के पूर्व जिले के पशुपालकों से प्राप्त आवेदन का जिला स्तरीय समिति द्वारा परीक्षण किया गया एवं पात्र पाए गए पशुपालकों की गायों का अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के समक्ष दुग्ध क्षमता का परीक्षण भी कराया गया। प्रदेश की मूल गौवंशीय केनकठा नस्ल प्रतियोगिता की श्रेणी में अजयगढ़ विकासखण्ड के ग्राम बाराकगरेका के पशुपालक द्वारका प्रसाद अवस्थी का 51 हजार रूपए के प्रथम पुरूस्कार, पन्ना विकासखण्ड के ग्राम भवानीपुर के अनूप मिश्रा का 21 हजार रूपए के द्वितीय पुरूस्कार एवं पवई विकासखण्ड के ग्राम करही के पुण्य प्रताप सिंह का 11 हजार रूपए के तृतीय पुरूस्कार के लिए चयन किया गया। इसी तरह भारतीय उन्नत नस्ल की दुधारू गायों की प्रतियोगिता श्रेणी में पन्ना विकासखण्ड के ग्राम बड़ागांव निवासी केशवदेव बुन्देला 51 हजार रूपए के प्रथम पुरूस्कार, पवई विकासखण्ड के ग्राम खम्हरिया निवासी यादवेन्द्र सिंह 21 हजार रूपए के द्वितीय पुरूस्कार तथा गुनौर निवासी पशुपालक धन्य कुमार पटेल 11 हजार रूपए के तृतीय पुरस्कार के लिए चयनित हुए।

## अमानगंज पुलिस की छापामार कार्यवाही लगातार जारी

# अवैध धंधों पर पूर्णतः लगेगी लगामः टीआई माधवी अग्निहोत्री

### चार देसी कट्टा और एक पिस्तौल सहित चार आरोपी गिरफ्तार

**अमानगंज।** जिले में अवैध हथियारों की बिक्री एवं अपराधों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा अवैध शस्त्र रखने, विक्रय करने, अवैध शराब, जुआ, सट्टा, मादक पदार्थ के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत कार्यवाही करते हुए, थाना प्रभारी अमानगंज निरीक्षक माधवी अग्निहोत्री एवं उनकी थाना टीम द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना एवं एसडीओपी गुनौर के निर्देशन में कार्यवाही करते हुए आरोपी राजेंद्र व्यास पिता दिनेश व्यास उम्र 20 साल निवासी महेवा थाना अमानगंज, मनोज विश्वकर्मा पिता सिल्ला विश्वकर्मा उम्र 24 साल निवासी ग्राम चिखला थाना सिमरिया, राजन और साजन पिता कमलेश रैकवार उम्र 22 साल निवासी महेवा थाना अमानगंज एवं महेंद्र विश्वकर्मा पिता शिवराज विश्वकर्मा उम्र 24 साल निवासी



रुपझिर थाना रैपुरा जिला पन्ना के कब्जे से अलग-अलग स्थानों से देसी हाथ की बनी पिस्टल और दो जिंदा कारतूस, 315 बोर के तीन देसी कट्टे और तीन जिंदा कारतूस, 12 बोर का खाली खोखा एवं 315 बोर के चार खाली खोखा कुल कीमत करीबन 40000 रुपए के जप्त कर उक्त आरोपियों को गिरफ्तार किया गया और आर्म्स एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। मामले में आरोपी दंगल उर्फ ऋषि राज सिंह धंधेरे पिता बबलू राजा धंधेरे निवासी चिखला थाना सिमरिया गिरफ्तारी के वक्त घटना से फरार है। उक्त कर्यवाही में निरीक्षक माधवी अग्निहोत्री, उपनिरीक्षक डीपी मिश्रा, सहायक उप निरीक्षक सुशील तिर्की, शिवराम नायक, बुद्धि लाल कोल, प्रधान आरक्षक मुकेश सोनी, शिवम शर्मा, राजीव मिश्रा, आरक्षक द्वारका, सतीश, सलीम, लक्ष्मण, अरविंद, विश्वास, लखन, गिरधारी, तुलसीदास, महिला आरक्षक नीतू, रागनी सहित साइबर सेल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# धारदार हथियार से सोते हुए व्यक्ति की घर के आंगन में हत्या

### बीती रात्रि की घटना थाना धरमपुर अंतर्गत ग्राम रमजूपुर में आंगन में सोते हुए 50 अंधेड़ की हत्या का मामला, पुलिस पड़ताल में जुटी

**पन्ना।** जिले के थाना धरमपुर अंतर्गत ग्राम रमजूपुर में पहाड़ किनारे मकान बनाकर आंगन में यादव परिवार के रामकेश नामक व्यक्ति उम्र 50 वर्ष ग्राम रमजूपुर की धारदार हथियार से गले में वार करके हत्या का मामला सनसनीखेज बना हुआ है। यह घटना बीती रात्रि की बताई जा रही है। लगभग 12 बजे रात्रि से सुबह 4 बजे के मध्य की घटना कारित की गई। घटना किसने की मामला अज्ञात बताया जा रहा हैं वहीं पुलिस पड़ताल में जुटी हुई है मामला को लेकर डॉग स्कोट टीम ने भी



पड़ताल की है यह तो विवेचना के बाद ही अब सामने आयेगा आखिर सोते हुए रामकेश की हत्या किसने की और क्यों की। फिलहाल पुलिस मामले की विवेचना कर रही हैं। इस तरह से जहां सोते हुए व्यक्ति की घर के आंगन में ही धारदार हथियार से हत्या करने का मामला सामने आया है। जिसकी पुष्टि थाना प्रभारी धरमपुर के द्वारा की गई है।



### सलेहा में रामनवमीं के अवसर पर भव्य शोभायात्रा का आयोजन

**सलेहा।** हिन्दू नव वर्ष विक्रम संवत 2082, चौत्र नवरात्रि एवं श्री रामनवमी के पावन अवसर पर, दिनांक 09 अप्रैल (बुधवार) को श्री बिहारी जी मंदिर, सलेहा से कटरा , नयागांव होते हुए गुबड़ो माता मंदिर, गंज तक भगवान श्रीराम जी की विशाल शोभायात्रा का आयोजन सम्पन्न हुआ। विगत वर्षों की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष भी शोभायात्रा में भारी जनसमूह ने भाग लिया। बैंड-बाजों, भगवा पताकाओं, सुंदर झांकियों और भजन-कीर्तन से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। जय श्रीराम के जयघोषों से गूंजते मार्ग में श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर भगवान श्रीराम का स्वागत किया। यह आयोजन रामनवमी उत्सव समिति, सलेहा, विश्व हिन्दू परिषद्, बजरंग दल, समस्त हिन्दू संगठन एवं क्षेत्रवासियों के सहयोग से अत्यंत भव्य और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

## उप डाकघर रैपुरा की राशि का गबन करने वाले उप डाकपाल को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

### वर्ष 2020 से 2022 के दौरान 50 लाख 06 हजार 107 रुपये की राशि का किया गया था गबन



**पन्ना।** सहायक अधीक्षक डाकघर पन्ना उपसंभाग ने रैपुरा थाना उपस्थित आकर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया की दिनांक 23.11.20 से दिनांक 18.02.22 तक की अवधि मे उप डाकघर रैपुरा मे उप डाकपाल के पद पर पदस्थ शिवपाल सिंह द्वारा कुल 50 लाख 06 हजार 170 रुपये की राशि का गबन किया गया है। फरियादी की शिकायत पर आरोपी के विरुद्ध थाना रैपुरा मे अपराध क्रमांक 07/24 धारा 420,409 कायम किया जाकर विवेचना मे लिया गया। मामले मे पुलिस अधीक्षक पन्ना श्री साईं कृष्ण एस. थोटा द्वारा आरोपी की पतारसी एवं गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया था। पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती वंदना चौहान एवं एस.डी.ओ.पी. पवई राजेन्द्र मोहन दुबे के मार्गदर्शन व थाना प्रभारी रैपुरा उनि. संतोष सिंह यादव के नेतृत्व मे एक पुलिस टीम का गठन किया गया। उक्त पुलिस टीम द्वारा मामले के आरोपी की लगातार तलाश पतारसी की गई । जिसके फलस्वरूप मुखविर सूचना एवं सायबर सेल पन्ना की मदद से उक्त पुलिस टीम द्वारा आरोपी को यात्री प्रतीक्षालय चंगेरी तिराहा चौकी हरदुआ सिमरिया थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा आरोपी से घटना के सम्बंध मे पूछताछ किये जाने पर बताया गया कि रैपुरा उपडाकघर मे पदस्थापना के दौरान मेरे द्वारा खाता धारको के नाम से जाली निकासी फॉर्म भरकर खाताधारक के फर्जी हस्ताक्षर करके एवं इनीशियल हस्ताक्षर स्वयं के बनाकर कई खाता धारको के विभिन्न खातो से 37 लाख 12 हजार 170 रुपये की राशि की निकासी की गई है जो कि ब्याज सहित वर्तमान कीमती राशि करीब 50 लाख 06 हजार 107 रुपये है। जो राशि मैने अपने उपभोग मे खर्च कर दी है। उक्त मामले मे पुलिस टीम द्वारा आरोपी के कब्जे से 20 हजार रुपये जप्त कर आरोपी शिवपाल सिंह पिता भालू सिंह उम्र 34 साल निवासी ग्राम छेवला पोस्ट वारी चोकी हरदुआ को माननीय न्यायालय पेश किया गया जहां से जेल वारण्ट प्राप्त होने पर आरोपी को जेल दाखिल किया गया।

**सरानीय योगदान-**

थाना प्रभारी रैपुरा उनि. संतोष सिंह यादव, सउनि य़शवंत सिंह प्र.आर. नीरज बागरी,आर. राजेश पटेल,राहुल पटेल,आलोक सिंह ,महिला आर. भारती सिंह एवं सायबर सेल टीम का सराहनीय योगदान रहा।

### एक तरफ जल संर्वधन पानी की आवश्यकता व जरूरत को याद दिलाता है वहीं प्रकृति स्वयं ही तापमान से अवगत करा रही, क्या अभी भी चेतेंगे

**हालात किस तरह से स्वयं जीवन में संकट को लेकर सामने है। जल की जरूरत को लेकर स्वयं सरकार मान रही जल संर्वधन वहीं प्रकृति जो संदेश दे रही तापमान अभी बीते दिवस से ही किस हालात को बयां कर रहा है। क्या पर्यावरण को लेकर ध्यान जायेगा। ताकि जीवन जीने के लिए राह आसान हो।**

**पन्ना।** कहने तो समय सबकुछ याद दिलाता है। मनुष्य को समझ ईश्वर के द्वारा प्रदान की गई हैं हालात वर्तमान



समय में जल की जरूरत को लेकर सरकारें भी स्वयं जरूरत को लेकर जल संर्वधन को लेकर जोर दे रही है। वहीं जल संरचनाओं को लेकर ध्यान सभी का दूसरी तरफ बीते दिवस से ही प्रकृति का संदेश तापमान को लेकर सामने है। किस तरह के हालात चल रहे है। गरम हवायें स्वयं याद दिला रही है तापमान किस तरह से दिन में नजर आने लगा। जो महसूस स्वयं करा रहा है। क्या प्रकृति के संतुलन को लेकर यह संदेश नहीं तो क्या आखिर कब जागेंगे ताकि पर्यावरण को ध्यान में रखकर जो आज सबसे बड़ी समस्या कहीं न कहीं सामने है। किस तरह से मौसम परिवर्तन के हालात होते वहीं बारिश का कम होना साथ ही गरम हवायें किस तरह से रूख को लेकर बयां कर रही है। वनों के हालात किसी से छिपे नहीं कहने को वृक्षारोपणों की कवायद होती है। पर जो जंगल हमारे प्रकृति के द्वारा प्रदत्त है जिनसे हमें जीवन का सहारा ईश्वर ने प्रदान किया उसी को हम अपने स्वार्थ पूर्ति के चलते विनाश के लिए जाने गये। जिसके चलते आज अब स्वयं ही विनाश की राह हम आप सबकी दिख रही है। क्या जागेंगे नदी पहाड़ जंगल अगर खत्म करेगें तो जल की जरूरत भी सायद पूरी नहीं होगी क्योंकि वनों की विनाश अगर होगा तो बारिश कहां से होगी। वहीं तापमान निश्चितौर पर इसी हालात के साथ-साथ आगे भी भयावह कारी परिस्थिति को जन्म दे सकता है। सरकारों का ध्यान महज वोट की राजनीति की ओर आखिर सबसे बड़ी समस्या प्रकृति के संतुलन की जो हमारे सामने है जिससे जीवन जीने में कठिनाईयां स्वयं संदेश दे रही है। आखिर इस समस्या के समाधान को लेकर प्रबुद्ध वर्ग मनुष्य जिसे स्वयं ही ईश्वर ने सोचने समझने की शक्ति प्रदान की है। क्या हम आप अपने जीवन को सुरक्षित रखने के लिए प्रकृति के संदेश को ध्यान में रखकर पर्यावरण को बचाने के लिए सब मिलकर जागेगें। जिससे भविष्य का जीवन सुरक्षित संभव हो सके।

# वरिष्ठ नागरिक आश्रय गृह में विधिक जागरूकता एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाया

**पन्ना।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजाराम भारतीय के निर्देशानुसार स्वास्थ्य सप्ताह अंतर्गत आज गहरा स्थित वरिष्ठ नागरिक आश्रय गृह में विशेष विधिक जागरूकता एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड एवं प्राधिकरण के सचिव राजकुमार गौड़ द्वारा उपस्थित वरिष्ठ नागरिकों को भरण-पोषण एवं कल्याण अधिनियम 2007 से संबंधित विधिक प्रावधानों की जानकारी प्रदान की गई। इसके अलावा वृद्धजनों से अपनी दिनचर्या में व्यायाम को शामिल कर निर्धारित समय पर भोजन करने व प्रसन्न रहने की अपील की। जिला विधिक सहायता अधिकारी अतुल सेन ने बताया कि अधिनियम के तहत कोई भी माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिक अपने वयस्क बच्चों से भरण-पोषण की मांग कर सकते हैं। बच्चों द्वारा सक्षम होने के बावजूद भरण-पोषण से मना करने पर दण्डात्मक कार्यवाही का प्रावधान है। प्राधिकरण द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण के लिए संचालित नालसा योजना 2015 के बारे में भी महत्वपूर्ण जानकारी



प्रदान की गई। आश्रय गृह में स्वास्थ्य शिविर के दौरान जिला चिकित्सालय के चिकित्सक एवं टीम द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण के उपरांत निःशुल्क दवाईयों का वितरण कर वृद्धजनों को शारीरिक क्षमता एवं आवश्यकतानुसार परहेज की जानकारी भी दी गई। निश्चेतना विशेषज्ञ डॉ. नीरज जैन, दंत शल्य चिकित्सक डॉ. हेमंत चौरहा सहित सात सदस्यीय टीम द्वारा आश्रय स्थल में निवासरत प्रत्येक वरिष्ठ नागरिक का शारीरिक परीक्षण किया गया। आश्रय गृह परिसर में संचालित नशा मुक्ति केन्द्र का भी निरीक्षण कर केन्द्र के माध्यम से मिलने वाली सुविधाओं का जायजा लिया गया। साथ ही यहां उपस्थित व्यक्तियों को नशा के दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी प्रदान कर नशा एवं गलत आदतों को त्यागकर अच्छे नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया गया। शिविर के दौरान वृद्धाश्रम की प्रशासक डॉ. दुर्गा त्रिपाठी, लीगल एड डिफेंस काउंसिल टीम से डिप्टी चीफ पवन पाण्डेय एवं विजयलक्ष्मी प्रजापति भी उपस्थित रहीं।

# गांवों में शराब दुकानों को लेकर आम जनता का विरोध

### स्वयं ही जागरूकता को कर रहा बयां

**पन्ना।** नगर को पवित्र नगरी का दर्जा मिला शराब दुकानों बंद हुई गांवों की ओर शराब दुकानों के खोलने की दिशा तय हुई। ग्रामीण स्वयं संगठित होकर शराब दुकानों को खोले जाने को लेकर विरोध प्रकट कर रहे हैं यह जनता की जनमत की आवाज जीवन में संकट से बचाव शराब के नशे से जीवन को बचाने की दरकार।पन्ना। पन्ना नगर को पवित्र नगरी का दर्जा पहले से ही प्राप्त था। मध्यप्रदेश सरकार की मुखिया की सोच के चलते पवित्र नगरी में शराब दुकानें जो संचालित थी उन्हें बंद किया गया। वहीं पन्ना नगर में शराब दुकानें तो बंद हुई पर ग्रामीण क्षेत्रों की ओर शराब दुकानों को खोलने की दिशा तय हुई यानि नगर नशा से बचाने के लिए सरकार की सोच पर गांवों में सीधे-साधे ग्रामीणों ने अपनी सोच स्वयं से साबित की। जहां भी ग्रामीण क्षेत्र में शराब दुकानें खोली जा रही है। लगभग हर जगह से विरोध प्रदर्शन ज्ञापन ग्रामीणों द्वारा स्वयं प्रकट किया जा रहा है यहां यह कहना होगा कि ग्ार्मीण जनता जागरूक हो चुकी है। अपने जीवन को संकट से बचाने के लिए शराब



दुकानों के खोले जाने का विरोध जो प्रकट किया जा रहा है यह सायत आम जनता ग्रामीण परिवारों के रहनशहन व जीवन को बचाने के लिए मान रही है। आखिर गांवों में शराब दुकानों का विरोध जो सुर्खियां बन रहे है। क्यां इस पर गौर किया जायेगा या कि ग्रामीणों की आवाज को दबाकर दुकानों का संचालन किया जायेगा। जो सबसे बड़ा सवाल है। आखिर जनता की आवाज सबका साथ सबका विकास यहां यह नारा भी इस समस्या के समाधान का क्या जवाब होगा। जहां नगर ने शराब दुकानें बंद की जा रही है वही दूसरी तरफ गांवों का जीवन संकट की ओर नशे की लत के लिए शराब दुकानें खोली जा रही है। वहीं रॉयल्टी का सवाल है आखिर अब गांवों को भी बर्बाद करना क्या इसी वजह से। जहां ग्राम सभाओं से प्रस्ताव के बगैर शराब दुकानें कैसे खोली जायेगी। या फिर कागजी कार्यवाही पूरी कर ली गई। पर जनता का विरोध स्वयं ही हालात को प्रगट कर रहा है। आखिर प्रस्ताव भी अगर दिये गये होगें तो आम जनता से छिपाव किया गया जो ग्राम सभाओं कीपोल खुल रही। इससे साफ जाहिर हो रहा है कि ग्रामीणों में जागरूकता जोरों पर है। शराब दुकानों के खोले जाने का विरोध जो स्वयं हीसाबित कर रहा है। देखना यह है कि आगे होता है क्या ग्रामीणों की आवाज पर होगा गौर या कि तानाशाही की दिशा तय करते है शराब दुकानें खोली जायेगी देखना यह है कि आगे होता है क्या?

# डिघौरा में दो दिवसीय श्री चण्डी देवी मेला का शुभारंभ

### स्व. श्री कुंवर महेन्द्र प्रताप सिंह जू देव की स्मृति में होता है मेला का आयोजन

**गुनौर।** मुख्यालय से लगभग 5 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम डिघौरा में विगत कई वर्षों से मेले का आयोजन होता रहा है जो की तिथि के हिसाब से तेरस चौदस को हर साल चौत्र नवरात्र के बाद लगता है। इस मेले का शुभारंभ स्व. श्री कुंवर महेंद्र प्रताप सिंह के द्वारा लगभग 50 वर्ष पूर्व कराया गया था जो निरंतर एक परंपरा के रूप में क्षेत्र का एक ऐसा मिला बन गया है जो हर वर्ष लगता है जिसमें पहले दिन माता के जवारे निकाले जाते हैं साथ ही भजन, राई नृत्य व जवाबी लोकगीतों के रंगारंग कार्यक्रम भी रात भर आयोजित होते है जिसको देखने के लिए क्षेत्र से सभी युवा बड़े बुजुर्ग मातायें बहने बड़ी संख्या में आते हैं एवं कार्यक्रमों का रात



भर आनंद लेते हैं साथ ही मेले में आए झूले दुकान नौटंकी रामलीला इत्यादि का भी लुफ्त उठाते हैं। स्व श्री महेन्द्र सिंह जू देव का स्वर्गवास होने के बाद से लगा तार उनके छोटे भाई हीरा सिंह डिघौरा द्वारा मेला लगाव कर कार्यक्रमों को सुचारू रूप से संचालित करा रहे है जिसमें क्षेत्र के लोग इस मेले को एक परंपरा के रूप में एक साथ मिलकर उत्सव के रूप में मनाते हैं। इस वर्ष प्रथम दिन मेला में गायिका मीना भारती लोकगीत एवं डांस ग्रुप के साथ क्षेत्रीय गायक रामलखन सेन, डॉ. राजा परमार, गायिका शान्ति पटेल सहित अन्य कलाकारों द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। दूसरे दिन बुन्देली लोकगीत के मशहूर कलाकार जय सिंह राजा परमार एण्ड पार्टी ललितपुर द्वारा रात्रि 9 बजे से प्रस्तुति दी जाएगी जिसका आनंद लेने के लिए अधिक से अधिक संख्या में डिघौरा मेला में अवश्य जाएं।

### कलेक्टर खरीदी केन्द्रों और मण्डियों में गेंहू आवक की सतत निगरानी करें

# दैनिक लक्ष्य तय कर 30 अप्रैल से पहले सभी हितग्राहियों की ई केवाईसी कराएं - प्रमुख सचिव

**रीवा ।** वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से खाद्य विभाग की प्रमुख सचिव रश्मि अरूण शर्मा ने अधिकारियों को गेंहू उपार्जन तथा हितग्राहियों की ई केवाईसी के संबंध में निर्देश दिए। प्रमुख सचिव ने कहा कि खाद्य सुरक्षा योजना के सभी हितग्राहियों की ई केवाईसी 30 अप्रैल तक हरहाल में कराएं। इसके लिए ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में लगातार शिविर लगाएं। प्रदेश में लगभग 25 प्रतिशत हितग्राहियों की ई केवाईसी की जानी है। प्रत्येक उचित मूल्य दुकान तथा सहायक आपूर्ति अधिकारी को ई केवाईसी का दैनिक लक्ष्य तय करें। एसडीएम के माध्यम से शिविरों की तिथियाँ निर्धारित कराकर 30 अप्रैल से पहले शत-प्रतिशत ई केवाईसी कराएं। ई केवाईसी की समस्त जानकारी सेल्समैन द्वारा पीओएस मशीन से दर्ज की जा रही है। शीघ्र ही मोबाइल एप के माध्यम से फेस आइडेंटिफिकेशन सभी आधार संख्या के सत्यापन की सुविधा दी जा रही है। इससे हितग्राही स्वयं ई केवाईसी कर सकेगा। कलेक्टर ई केवाईसी कराने की प्रगति की प्रतिदिन समीक्षा करें। प्रमुख सचिव ने कहा कि गेंहू उपार्जन के लिए खरीदी केन्द्रों में सभी सुविधाएं उपलब्ध कराएं। पंजीकृत किसानों से रकबे का दो दिवस में शत-प्रतिशत सत्यापन कराएं। स्लॉट बुक करने वाले किसानों को उनकी सुविधा के अनुसार उपार्जन का अवसर दें। खरीदी केन्द्रों में पर्याप्त मात्रा में बारदाने, किसानों के लिए छाया पानी की व्यवस्था, तौलकांटे, हम्माल




तथा गेंहू के सुरक्षित भण्डारण की व्यवस्था कराएं। कई जिलों में किसानों द्वारा स्लॉट बुक करने के बावजूद खरीदी केन्द्रों की तुलना में मण्डियों में गेंहू की अधिक आवक हो रही है। कलेक्टर इस बात को सुनिश्चित करें कि निर्धारित समर्थन मूल्य से कम दाम पर गेंहू न बिके। उपार्जित गेंहू का स्वीकृति पत्र तत्काल जारी कराकर किसानों को तीन दिन में भुगतान कराएं,वीडियो कान्फ्रेंसिंग में संचालक खाद्य कर्मवीर शर्मा ने कहा कि ई केवाईसी कराने के लिए प्रत्येक ग्रामवार तथा शहरी क्षेत्र में वार्डवार कार्यक्रम बना लें। सभी डीएसओ के पास शेष बचे हितग्राहियों की सूची उपलब्ध है। इसे प्रत्येक सेल्समैन को उपलब्ध कराकर शेष हितग्राहियों की ई केवाईसी कराएं। अभियान के दौरान ही जेएसओ मृत व्यक्तियों, डुप्लीकेट तथा स्थाई रूप से पलायन कर गए व्यक्तियों के नाम एम राशन मित्र पोर्टल से हटाएं। श्री शर्मा ने उपार्जन के संबंध में कहा कि जिला स्तर पर कंट्रोल रूम बनाकर गेंहू उपार्जन की निगरानी करें। सभी खरीदी केन्द्रों का आज ही निर्धारण करा दें। रीवा और शहडोल संभागों में अब उपार्जन में तेजी आएगी। सभी खरीदी केन्द्रों में स्लॉट बुक करने की सुविधा शुरू करा दें। जिस खरीदी केन्द्र में अधिक संख्या में किसानों का पंजीयन है वहाँ अतिरिक्त तौलकांटे की व्यवस्था करें। तौल की सुविधा के अनुसार ही स्लॉट बुक होगा। वीडियो कान्फ्रेंसिंग में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि खाद्य सुरक्षा योजना के हितग्राहियों की ई केवाईसी कराने के लिए शिविर तय कर दिए गए हैं। इन शिविरों में पटवारी, ग्राम रोजगार सहायक और ग्राम पंचायत सचिव भी उपस्थित रहेंगे। शेष हितग्राहियों की ई केवाईसी 25 अप्रैल तक हो जाएगी। गेंहू उपार्जन के लिए खरीदी केन्द्रों का निर्धारण कर दिया गया है। सभी खरीदी केन्द्रों में पर्याप्त मात्रा में बारदाने उपलब्ध हैं। अधिकतर खरीदी केन्द्र गोदाम स्तरीय बनाए गए हैं। खरीदी केन्द्रों से स्लॉट बुकिंग की सुविधा शुरू हो गई है। उपार्जन की निगरानी के लिए जिला और विकासखण्ड स्तर पर दल तैनात कर दिया गया है। वीडियो कान्फ्रेंसिंग में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी तथा उपार्जन से जुड़े सभी अधिकारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### राजतंत्र जमाने की ताप भट्टी अब इंजीनियरिंग कॉलेज की बढ़ाएगी शोभा

**रीवा ।** रीवा में राजतंत्र के जमाने में बिजली उत्पादन के लिए उपयोग में लाई जाने बाली ताप भट्टी पिछले कुछ वर्षों से लावारिस हालत में पड़ी थी। अब नगर निगम ने इसे शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज के मुख्य द्वार के बाहर स्थापित कर दिया है, ताकि कॉलेज आने वाले छात्री और अन्य लोगो को इसकी जानकारी मिल सके। यह ताप भट्टी रीवा की ऐतिहासिक धरोहरी में से एक बन जाएगी। यह ताप भट्टी लंबे समय से रसिया मोहल्ले के पाम पड़ी थी। निर्माण कार्यों के दौरान यह बाहर आई। नगर निगम ने इसके व्यवस्थापन कर इंतजाम किया है। इस घड़ी में बिजली उत्पादन कर राजपरिवार के भवनों तक बिजली पहुंचाई जाती थी। नगर निगम आयुक्त सौरभ सोनवणे ने बताया कि शहर में ऐतिहासिक धरोहरों को संरक्षित करने का काम किया जा रहा है। लप भट्टी को व्यवस्थित रूप से रखा गया है। आने वाले दिनों में इसके बारे में लोगों को और जानकारी मिलेगी।

### कॉलेज में फूहड़ गानों में हो रहे वीडियो वायरल पर एनएसयूआई जताई आपत्ति

**रीवा।** जिले के एनएसयूआई छात्र संघ के जिलाध्यक्ष पंकज उपाध्याय के नेतृत्व अतिरिक्त संचालक को महाविद्यालयों का जो लगातार फूहड़ गानों में हो रहे वीडियो वायरल में कार्यवाही हेतु मांग को लेकर एनएसयूआई प्रतिनिधिमंडल के साथ ज्ञापन सौंपा गया है। जिलाध्यक्ष पंकज उपाध्याय ने बताया कि पिछले कुछ महीनों से सोशल मीडिया में लगातार विभिन्न महाविद्यालयों में छात्र छात्राओं व प्राध्यापकों का सोशल मीडिया में अश्लील गानों पर वीडियो वायरल हो रहे है जिसमें फुहड़ गानों पर गाने लगें और डांस भी हुआ, पंकज उपाध्याय का कहना है कि बड़ा विषय यह रहा कि इसमें प्राचार्य से लेकर सभी शिक्षक भी सम्मिलित। पूरे मामले को लेकर एनएसयूआई ने अतिरिक्त संचालक से मुलाकात कर महाविद्यालय प्रबंधन के ऊपर कार्रवाई की मांग की है, बता दे कि लगातार एक महीने से देखा जा रहा है। पहले टीआरएस महाविद्यालय का वीडियो वायरल हुआ जो अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के बैनर तले कार्यक्रम किया गया था उसके बाद आपके मऊगंज में एक वीडियो वायरल हुआ। उसके बाद विश्वविद्यालय का एक वीडियो वायरल हुआ और हाल ही में कन्या महाविद्यालय का एक वीडियो वायरल हुआ जिसमें शिक्षक से लेकर प्राचार्य व छात्र छात्राएं अश्लील गाने पर डांस कर रही हैं। पूरे मामले पर एनएसयूई पुरजोर विरोध करते हुए कार्यवाही की मांग की है, इस मामले में अतिरिक्त संचालक डॉ. आरपी सिंह ने बताया कि ज्ञापन मिलने के बाद नियमानुसार कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू की गई है।

### कॉलेज के बाहर धूम्रपान का वीडियो वायरल

एनएसयूआई ने जीडीसी कॉलेज के फेयरवेल कार्यक्रम के एक और वायरल वीडियो पर आपत्ति दर्ज कराई पार्टी के दौरान कालेज के बाहर का एक और बीडियो वायरल हुआ है। इसमें एक लड़की जीडीसी के ड्रेस में सिगरेट पीती हुई नजर आ रही है। इस पर भी आपत्ति उठाई गई है। कहा गया है कि कॉलेज परिसर के आसपास गुटखा-सिगरेट की दुकानें संचालित हो रही हैं, जिससे छात्राएं भी नशे के दलदल में जा रही हैं। इस पर कड़ी कार्यवाही की मांग की है।

### कलेक्टर ने स्कूलों के समय में परिवर्तन के दिए आदेश

**रीवा।** जिले में अप्रैल माह के प्रथम सप्ताह में ही तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंच रहा है। सुबह 10 बजे के बाद से ही गर्म हवाओं का प्रकोप शुरू हो जाता है। इसे ध्यान में रखते हुए कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने स्कूलों के समय में परिवर्तन के आदेश दिए हैं। जारी आदेश के अनुसार सभी शासकीय और अशासकीय स्कूल, केन्द्रीय विद्यालय, नवोदय विद्यालय, आईसीएसई तथा सीबीएसई पैटर्न में संचालित स्कूलों में कक्षाएं सुबह 7.30 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक संचालित करें। इसमें नर्सरी से कक्षा 12 तक की सभी कक्षाएं शामिल हैं। कोई भी स्कूल दोपहर 12.30 बजे के बाद कक्षाएं संचालित नहीं करेगा।

# मनमाने दामों पर बिक रहीं किताबें, अभिभावक परेशान

### प्राइवेट स्कूलों की बुक सेलर्स से सेटिंग, चुनिंदा स्कूलों पर मिल रही किताबें

**रीवा ।** नया शैक्षणिक सत्र शुरू होने के साथ प्राइवेट अंग्रेजी स्कूलों की लूट चालू है। किताबों के प्रकाशक, दुकानदार और स्कूलों के बीच सांठगांठ में अभिभावकों की जेब ढीली हो रही है। मनमानी कीमत का अंदाजा इसी बात से लगा सकते हैं कि शहर के एक प्रतिष्ठित सीबीएसई स्कूल में कक्षा छह की कॉपी और किताब का सेट लगभग 20.000 रुपये में मिल रहा है। सीआईएससीई के एक स्कूल की कक्षा छह की किताब का सेट 6 हजार से लेकर 10हजार रुपये में निर्धारित दुकान से ही मिल रहा है। सीबीएसई और सीआईएससीई बोर्ड से जुड़े प्रतिष्ठित स्कूलों की किताब बेचने के लिए दुकानदारों में होड़ लगी रहती है। सबसे अधिक मुनाफा स्कूल वालों को होता है। स्कूल वाले सबसे पहले उन्हीं प्रकाशकों की किताबें लगाते हैं जो तगड़ा कमीशन देते हैं। एक बार स्कूल ने किताबें बेचने के लिए अधिकृत किया तो दुकानदार अभिभावकों को कॉपी, स्टेशनरी और यहां तक कवर खरीदने को मजबूर करते हैं। कॉपी और स्टेशनी वगैरह में अच्छी मार्जिन होने के कारण दुकानदार मोटी कमाई कर रहे है,प्रतियोगी परीक्षाओं के लिहाज से एनसीईआरटी की किताबें सबसे प्रमाणिक मानी जाती है लेकिन इनकी पूछ निजी स्कूलों में नहीं है क्योंकि इनमें कमिशन नहीं मिलता।



एनसीईआरटी की सबसे महंगी किताब कक्षा 12 फिजिक्स टू की है जिसकी कीमत 200 रुपये है। उसके बाद सबसे महंगी कक्षा 11 गणित की किताब है जिसकी कीमत 180 रुपये है। इसके उलट निजी स्कूल में कक्षा छह 17 किताबों में से कोई ऐसी नहीं है जिसका बिक्री मूल्य 220 रुपये से कम हो।

### स्टेशनरी नहीं तो किताबें नहीं

ज्यादातर निजी स्कूलों की किताबें खास दुकानों पर ही मिलती हैं। ऐसे में कमाई के लिए दुकानदार इसका पूरा फायदा भी उठाते हैं। इन दुकानों पर अभिभावकों को किताबों के साथ महंगी स्टेशनरी का भी पूरा सेट खरीदना पड़ रहा है।

### खानापूर्ति तक सीमित रह गया पुस्तक मेला, नहीं मिल पाईं पुस्तकें

जिला प्रशासन द्वारा दो दिवसीय पुस्तक मैले का आयोजन शहर के मानस भवन में आयोजित किया गया, जहां दुकानदारों ने स्टाल से अभिभावकों को अपनी दुकान का विजिटिंग कार्ड थमाया, इस सत्र में कला 4,5,7 और 8 के पाठ्यक्रम में बदलाव किया गया है। इसके चलते अभी तक नई किताबें बाजार में नहीं आ पाई है, लेकिन स्कूल वाले बच्चों पर लगातार किताचों के लिए दवाव बना रहे हैं। प्राइवेट स्कूलों से जुड़े अभिभावकों के मोबाइल पर हर दिन मैसेज भेजे जा रहे हैं लेकिन बाजार में सामग्री उपलब्ध नहीं है तो अभिभावक कहां खरीदे, यह संकट उनके सामने खड़ा हो गया है। दो दिनों तक पुस्तक मेले में अधिकांश अभिभावक निराश होकर लौटे। कुछ ही स्कूलों की किताबें मिल पाई हैं। कई स्कूलों की आधी किताबें मिली हैं। मेले से अभिभावक केवल खाली हाथ लौटे, स्कूल के सेटिंग दुकानदारों के पास किताबें मिल रही हैं वह भी महंगे दाम पर जिसे खरीदने पर छात्रों के अभिभावक मजबूर है।

# सलैया गांव में हुए हत्याकांड में गिरफ्तार हुए आरोपियों ने उगले अवैध हथियारों के राज

### गोली कांड में प्रयुक्त बाइक सिंगरौली से बरामद

**रीवा।** जिले के बैकुण्ठपुर थाना क्षेत्र के सलैया गांव में हुए गोलीकाण्ड में पुलिस ने पकड़े गए दोनों आरोपियों को रिमाण्ड में लिया था जिन्होंने पूछताछ में अवैध पिस्टल तस्करी को लेकर अहम राज उगले है। बता दे कि पूछताछ के दौरान पकड़े गए आरोपियों ने पुलिस को बताया कि मृतक अर्पित सिंह से उन्होने वर्ष 2023 में भी एक पिस्टल खरीदी थी, जिसका उन्होने 25 हजार रुपए दिया था। इसके बाद 4 अप्रैल को भी वो पिस्टल खरीदने अर्पित के पास गए थे, जिसका वो 50 हजार रुपए मांग रहा था, जबकि वो 25 हजार रुपए देने को तैयार थे, इसी बात पर उनके बीच वाद विवाद हुआ और पिस्टल से फायर हो गया। आरोपियों ने बताया कि पूर्व में खरीदी गई पिस्टल के संबंध में पुलिस को जानकारी हो गई थी, जिसके चलते पकड़ जाने के डर से वो उस पिस्टल को फेक दिए थे। वही पूरे घटनाक्रम में प्रयुक्त हुई बाइक को पुलिस ने सिंगरौली जिले के बरगवां थाना क्षेत्र से बरामद कर लिया है। वही बताया गया कि पकड़े गए दोनों आरोपी हिण्डालकों कंपनी में आउटसोर्स के कर्मचारी के




तौर पर नौकरी भी करते थे। विगत दिवस हुए सत्यपाल सिंह उर्फ अर्पित निवासी ग्राम सलैया के हत्याकाण्ड में बैकुंठपुर पुलिस ने आरोपी योगेश शुक्ला उर्फ मोहित और संजय बसोर को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया थ। वही पुलिस ने दोनों आरोपियों को 2 दिन की रिमाण्ड में लिया था, जिसके बाद बुधवार को पुलिस दोनों को न्यायालय में पेश करेगी। बैकुंठपुर थाना प्रभारी विजय सिंह ने बताया कि आरोपी योगेश शुक्ला ने अर्पित को गोली मारी थी, जिसके बाद बाइक से आरोपी फरार हो गए थे। पुलिस ने आरोपी योगेद्र को कार सहित गिरफ्तार कर पिस्टल व जिंदा कारतूस जब्त किया था जबकि दूसरे आरोपी संजय बसोर पिता स्व. रामधनी बसोर 26 वर्ष निवासी वार्ड 9 बरगवां थाना बरगवां की बाइक को पुलिस ने बरामद कर लिया है। वही पुलिस अब पूरे मामले की आगे की जांच कर रही है।

## जवारा लेकर जा रहे श्रद्धालुओं को पिकअप ने मारी टक्कर, दर्जनभर घायल



**रीवा।** मैहर जिले के अमरपाटन थाना क्षेत्र अंतर्गत ट्रैक्टर ट्राली सवार श्रद्धालुओं को पिकअप ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे ट्राली अनियंत्रित होकर पलट गई। ट्रैक्टर ट्राली में करीब 15 महिला पुरुष श्रद्धालु सवार थे, जिसमे एक दर्जन घायल हो गए गंभीर रूप से घायल हुए लोगों को उपचार के लिए रीवा के संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी अनुसार घटना अमरपाटन थाना क्षेत्र बारी गांव के समीप मंगलवार को हुई। बताया गया कि सरबका गांव से श्रद्धालु ट्रैक्टर ट्राली में सवार होकर बधरा देवी टोला माता मंदिर दर्शन के लिए जवा लेकर आ रहे थे, इसी बीच पीछे से आई तेज रफ्तार पिकअप ने ट्रैक्टर ट्राली को जोरदार टक्कर मार दी जिससे ट्राली अनियंत्रित होकर पलट गई। घटना में पिकअप चालक भी स्टेयरिंग के बीच फस गया था, जिसे रेस्क्यू कर बाहर निकाला गया। घायल रंजीत कोल निवासी सरबका ने बताया कि ट्राली में 15 लोग बैठै थे। पिकअप की टक्कर से ट्राली पलट गई। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी जिसके बाद पहले अमरपाटन में ले जाया गया जहां मामूली चोट आने वाले लोगों का प्राथमिक उपचार किया गया वहीं गंभीर रूप से घायल हुए लोगों को उपचार के लिए संजय गांधी अस्पतला में भर्ती कराया गया है, जहां चिकित्सकों द्वारा घायलों का उपचार किया जा रहा है।

# भाजपा ने आयोजित किया सक्रिय सदस्यता सम्मेलन



मऊगंज

भाजपा सिर्फ एक राजनीतिक दल नहीं है भाजपा भारत की आत्मा का अमर स्वर है भाजपा करोड़ों भारतीयों की आकांक्षाओं की अभिव्यक्ति है देश हित में की गई बातें और उक्त बातों का समर्थन करने वाले व्यक्तियों के समूह को संगठन कहते हैं भारतीय जनता पार्टी एक ऐसा संगठन है जो देश हित में काम करने का गौरव हासिल है उक्त बातें भारतीय जनता पार्टी जिला मऊगंज कार्यालय में आयोजित सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए विधायक गिरीश गौतम ने कही सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन में सभी के द्वारा यूथ के साथ बूथ तक का सफर और सरकार बना लेने की क्षमता का नाम कार्यकर्ता है सभी के द्वारा कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर काम करने की बात कही गई कार्यकर्ता पार्टी का कर्ताधर्ता प्रमुख सदस्य और बड़ी ताकत के रूप में बताया गया है कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा उपाध्यक्ष विपिन मिश्रा संतोष सिंह सिसोदिया मीडिया प्रभारी अजय मिश्रा रचना मिश्रा मृगेंद्र सिंह उपाध्यक्ष उर्मिला सिंह गोड़ मऊगंज मंडल अध्यक्ष अमित सिंह प्रकाश चौरसिया माया गुप्ता जगदीश शुक्ला भाजपा के वरिष्ठजन पदाधिकारी गण एवं हजारों कार्यकर्ता मौजूद रहे।




## किशोरी को भगा ले जाने वाले आरोपी को लौर पुलिस ने किया गिरफ्तार, आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा मे भेजा गया

मऊगंज

थाना लौर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम लौर खुर्द निवासी हरिजन महिला द्वारा अपनी 16 वर्षीय पुत्री के गुमने की सूचना दर्ज कराई गई थी, सूचना पर गुम इंसान एवं धारा 137(2) भा.न्या.सं. के तहत अपराध क्र. 11/25 कायम कर जाँच पता तलाश दौरान गुमशुदा युवती को सकुशल दस्तयाब कर उसके परिजनो के सुपुर्द किया गया है, तथा गुमशुदा से पूँछताँछ दौरान प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर उसे विवाह करने के उद्देश्य से बहलाफुसलाकर भगा ले जाने वाले आरोपी अमित जायसवाल पिता उदयभान जायसवाल नि. ग्राम आंटी थाना लौर जिला मऊगंज के विरुद्ध धारा 137(2),87 भा.न्या.सं. एवं 3(2)v एससी एसटी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए आरोपी अमित जायसवाल को दिनाँक 08.04.25 को गिरफ्तार कर आज न्यायिक अभिरक्षा मे भेजा गया है।

# नईगढ़ी जनपद में जैव विविधता प्रबंधन समिति की बैठक संपन्न

मऊगंज

जिले के जनपद पंचायत नईगढ़ी मे लोक जैव विविधता पंजी निर्माण हेतु जैव विविधता प्रबंधन समिति की बैठक जनपद अध्यक्ष ममता कुंज बिहारी तिवारी , जैव विविधता प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रामसिया कुशवाहा, जनपद सी.ई.ओ. कल्पना यादव, प्रोजेक्ट को इन्वेस्टिगेटर प्रोफेसर स्कंद मिश्रा, बीएमसी के सदस्य गणों तथा संबंधित शास. विभागों वन, कृषि, उद्यानिकी, पशु पालन, पंचायत, शिक्षा के अधिकारी गणों की उपस्थिति में जनपद कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में प्रोफेसर स्कंद मिश्रा ने जनपद की लोक जैव विविधता पंजी ( पीबीआर) के निर्माण हेतु जैव विविधता बोर्ड भोपाल से प्राप्त नवीन प्रपत्रों एवं विभागों से प्राप्त कराने जाने वाली अन्य महत्वपूर्ण जानकारियों की चर्चा की गई। आंकड़ों को एकत्र करने हेतु जनपद पंचायत के सेक्टर बार उच्च जैव विविधता वाली पंचायतों का चुनाव किया गया तथा कार्य योजना की रूप रेखा तय की गई। इस हेतु जैव विविधता प्रबंधन समिति सदस्यों और विभागों के अधिकारियों से कार्य हेतु सुझाव भी प्राप्त किए गए। बैठक के उपरांत जनपद पंचायत के प्रसिद्ध अष्टभुजी मंदिर, बहुती जल प्रपात, क्षेत्र की गौशाला, जनपद की पंचायतों के गावों का दौरा कर किसानों से चर्चा की गई तथा रबी फसल, बगिया, तालाबों, पूजा स्थलों, स्थानीय बाजार का सर्वे, अवलोकन किया गया। जनपद नईगढ़ी के विद्यालयों का भ्रमण कर शिक्षकों और छात्रों से जैव विविधता पर चर्चा की गई।



**खबर संक्षेप**

## आरोपी डॉक्टर पांच दिन की पुलिस रिमांड पर

**दमोह।** मिशन अस्पताल में सर्जरी करने वाले फर्जी डाक्टर को दमोह पुलिस ने न्यायालय में पेश कर 5 दिन की डिमांड पर लिया है जिससे कड़ी पूछताछ की जा रही है। बता दें कि न्यायालय में पेश के बाद जब रिमांड मिल गई, तो पुलिस आरोपी को सुरक्षित स्थान पुलिस कंट्रोल रूम ले जा रहे थी, तभी न्यायालय के समीप कुछ वकील और कुछ लोगों का डॉक्टर पर गुस्सा फूट गया। जिससे पुलिस को भारी मशक्कत करना पड़ी, परेशानी के बाद पुलिस न्यायालय से निकालकर सुरक्षित स्थान ले गई। पुलिस अधिकारियों में सीएसपी अभिषेक तिवारी, टीआई मनीष कुमार,रचना मिश्रा के अलावा पुलिस बल तैनात रहा। एक दो पुलिस कर्मियों में अजित दुबे के अलावा और भी कर्मियों को धक्का मुक्की में मामूली चोटे भी आई है। साथ ही आयोग की टीम सर्किट हाउस से नीचे उतरकर शहर के मिशन अस्पताल पहुंची, जहां करीब 1 घंटे तक जांच पड़ताल करती रही।

## बिना मुंडेर के कुएं में गिरने से 8 वर्षीय छात्र की मौत

**बनवार।** दमोह जिले के नोहटा थाना क्षेत्र के गांव हरदुआ मानगढ़ में एक 8 वर्षीय छात्र मनीष की दुखद मौत हो गई। वह अपने घर के पीछे बने बिना मुंडेर के कुएं में खेलते समय गिर गया था। घटना सोमवार शाम 5 से 6 बजे के बीच की है। मनीष कक्षा दूसरी का छात्र था और अपने साथियों के साथ कुएं के पास खेल रहा था, तभी अचानक कुएं में गिर गया। मौके पर मौजूद अन्य बच्चों ने परिजनों को सूचना दी, जिसके बाद ग्रामीणों और परिजनों ने कुएं से बच्चे को निकालने का प्रयास किया। करीब आध घंटे की मशक्कत के बाद मनीष को कुएं से निकाला गया और जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना ने सुरक्षा और लापरवाही के मुद्दों पर सवाल खड़े कर दिए हैं। कुएं में मुंडेर नहीं होने से इस तरह की दुर्घटनाएं घटित होने के बाद। प्रशासन और स्थानीय लोगों और ग्राम पंचायत को सतर्क होकर बिना मुंडेर कुआं की मुड़ेर बनाए जाने की कार्रवाई करने की आवश्यकता है।

## विक्षिप्त युवक का मिला शव

**हटा।** नगर के पन्ना मुख्य मार्ग पर पेट्रोल पंप के पास सोमवार को एक शव मिलने से सनसनी फ़ैल गई।सूचना पर थाना से एएसआई नागेंद्र सिंह,आरक्षक पवन पटेल मौके पर पहुंचे। आसपास जानकारी लेने पर पता चला कि उक्त युवक मानसिक रूप से विक्षिप्त था घूमकर मांगता और पेट भरता अचानक दोपहर में मौत हो गई पुलिस ने शव पंचनामा कार्यवाही कर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भेजा गया।पुलिस ने विक्षिप्त मृतक युवक की शिनाख्त की कोशिश की लेकिन अभी तक शिनाख्त नही हो सकी।

## दो बाइक की आमने सामने जोरदार भिड़ंत में चार घायल

**तेंदूखेड़ा।** तेन्दूखेड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले दमोह तेन्दूखेड़ा मार्ग पर एक सड़क हादसे में चार लोगों के घायल होने का घटनाक्रम सामने आया है हादसे का कारण एक बाइक सवार घर के सामने खड़ा था तो दूसरा दमोह तरफ से तेजगति से आ रहा जिसने सड़क किनारे खड़े बाइक सवार को टक्कर मार दी। इस हादसे में दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें 108 की मदद से इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। जहां से दो लोगों को जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। घटना के संबंध में मिली जानकारी अनुसार रवि पिता रामजी आदिवासी उम्र 28 वर्ष प्रकाश पिता डाल सींग यादव उम्र 45 वर्ष राजा पिता प्रकाश यादव उम्र 25 वर्ष है और तीनों बुंदेला गांव के निवासी थाना तेन्दूखेड़ा जो अपनी बाइक से दमोह से वापस आ रहे थे लेकिन बम्हौरी ग्राम में अपने मामा के घर आए हरीश पिता राजा सींग लोधी उम्र 20 वर्ष निवासी करौंदी पड़रिया थाना तेजगढ़ को टक्कर मार दी इस हादसे में चारों लोग घायल अवस्था में सड़क किनारे पड़े रहे घटना की सूचना मिलते ही 108 से डॉ संदीप सिंह लोधी पायलट सुखदेव बेन मौके पर पहुंचे और घायलों को उठाकर इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।

### गर्मी में चंदला बस स्टैंड पर यात्री बूंद-बूंद पानी को तरसते

# यात्री प्रतीक्षालय और पेयजल की सुविधा के अभाव में लोग बेहाल

**चंदला।** चंदला स्थित अंतरराज्यीय बस स्टैंड की हालत इन दिनों बेहद दयनीय हो चुकी है। भीषण गर्मी के इस मौसम में जहां एक ओर शहरों में प्याऊ और पेयजल की विशेष व्यवस्थाएं की जाती हैं, वहीं चंदला के इस महत्वपूर्ण बस स्टैंड पर यात्री बुनियादी सुविधाओं से भी वंचित हैं।



यहां न तो पेयजल की समुचित व्यवस्था है और न ही कोई यात्री प्रतीक्षालय। तपती दोपहरी में दूर-दूर से आए यात्री बूंद-बूंद पानी को तरसते नजर आते हैं। मजबूरी में उन्हें बाजार से पानी की बोतलें और पाउच खरीदने पड़ते हैं, जिससे आर्थिक बोझ भी बढ़ जाता है।यात्रियों की माने तो कई बार वे पास की दुकानों के सामने बैठने की कोशिश करते हैं, लेकिन दुकानदारों द्वारा उन्हें वहां से भगा दिया जाता है। ऐसे में न तो बैठने की जगह मिलती है और न ही छांव में कुछ देर आराम करने का मौका। बसों का इंतजार करना यातनाभरा अनुभव बन गया है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि नगर परिषद की लचर व्यवस्था और उदासीनता के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई है। उन्होंने मांग की है कि जल्द से जल्द बस स्टैंड पर पेयजल और यात्री प्रतीक्षालय की व्यवस्था की जाए ताकि यात्रियों को राहत मिल सके।



## डीआईजी ने किया नवनिर्मित भवन का भूमिपूजन

छतरपुर

जिले की कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं आधुनिक बनाने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए छतरपुर के पुलिस लाइन स्थित पुलिस कंट्रोल रूम में नवनिर्मित भवन का भूमि पूजन संपन्न हुआ। इस नए भवन का भूमि पूजन डीआईजी ललित शाक्यवार के करकमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर एसपी अगम जैन, एडिशनल एसपी विनीता डागर, आरआई पूणिमा मिश्रा सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं पुलिस बल उपस्थित रहा। भूमि पूजन के साथ-साथ छतरपुर पुलिस को एक और बड़ी सौगात मिली - 45 सीटर लग्जरी बस। यह बस पुलिस बल के आवागमन, विशेष अभियानों एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए उपयोग में लाई जाएगी। बस में सभी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं, जो पुलिस बल की कार्यक्षमता को और अधिक बेहतर बनाएंगी। डीआईजी ललित शाक्यवार ने इस अवसर पर कहा कि पुलिस विभाग को सशक्त और संसाधन संपन्न बनाना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने उम्मीद जताई कि नए भवन और बस के माध्यम से पुलिस बल पहले से अधिक प्रभावी ढंग से कार्य कर सकेगा।

## एनएसयूआई ने मनाया 55वां स्थापना दिवस



छतरपुर

राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) ने सोमवार को छतरपुर के कांग्रेस कार्यालय में अपना 55वां स्थापना दिवस बड़े उत्साह और जोश के साथ मनाया। इस अवसर पर एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं और छात्रों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

कार्यक्रम की अध्यक्षता एनएसयूआई जिला अध्यक्ष विवेक अग्रवाल ने की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा, एनएसयूआई एक ऐसा संगठन है जो हमेशा छात्रों की समस्याओं को प्राथमिकता देता है और उनके हितों की रक्षा के लिए निरंतर संघर्ष करता है। उन्होंने यह भी बताया कि संगठन शिक्षा, रोजगार और छात्रवृत्ति जैसे मुद्दों पर जागरूकता फैलाने की बात कही।

स्थापना दिवस के मौके पर संगठन के इतिहास, उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं पर भी चर्चा की गई। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न छात्र नेताओं ने अपने विचार रखे और युवाओं को लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम का समापन सभी कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर छात्र हितों की रक्षा के लिए कार्य करने की शपथ ली।

### महावीर स्वामी के जन्मकल्याणक पर आज निकलेंगी भव्य शोभायात्रा

## मंदिरों में होगा श्रीजी का अभिषेक, 13 को लगेगा स्वास्थ्य शिविर

**छतरपुर।** जैन धर्मावलंबियों के 24 वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का 2624 वाँ जन्म कल्याणक महोत्सव 10 अप्रेल को पूरे विश्व भर के साथ साथ छतरपुर नगर में बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर जिला अस्पताल में मरीजों के स्वास्थ्यलाभ की कामना के साथ फल वितरित किए जाएंगे।साथ ही जन्म कल्याणक के उपलक्ष्य में 13 अप्रेल को डेरा पहाड़ी अतिशय क्षेत्र पर स्वास्थ्य शिविर लगाया जाएगा।

प्रो. सुमति प्रकाश जैन ने बताया महावीर जन्म कल्याणक समारोह में इस वर्ष आचार्य उदारसागर महाराज के शिष्य मुनिश्री उत्कर्ष सागर महाराज ससंघ का सानिध्य रहने से कार्यक्रमों में और भी उल्लास एवं प्रभावना रहेगी। भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक समारोह का शुभारंभ जैन मंदिरों में सुबह 6 बजे से श्रीजी के मंगल अभिषेक, शांतिधारा एवं पूजन से होंगा। तत्पश्चात श्रीजी की एक भव्य एवं गरिमामयी शोभायात्रा प्रातः साढ़े 7 बजे श्री नेमिनाथ जिनालय से प्रारंभ होगी। यह शोभायात्रा कोतवाली, महल तिराहा, छत्रसाल चौक से होती हुई मेलाग्राउंड स्थित श्री अजितनाथ जिनालय पहुंचेगी। यहां मेलाग्राउंड पर स्थित कीर्ति स्तंभ पर समारोहपूर्वक जिनधर्म का ध्वजारोहण होने एवं श्रद्धालुओं द्वारा अजितनाथ भगवान के दर्शन करने के बाद यह शोभायात्रा छत्रसाल चौक से आकाशवाणी तिराहा, सर्किट हाउस तिराहा स्थित कीर्ति स्तम्भ होते हुये बस स्टेंड, चौक बाजार होते हुए श्री नेमिनाथ जिनालय पहुंच कर संपन्न होगी। शोभा यात्रा के दौरानसर्किट हाउस तिराहे पर स्थित कीर्ति स्तंभ पर भी ध्वजारोहण किया जाएगा। शोभायात्रा में युवाजन व पुरुष सफेद कुर्ते, पैजामे एवं महिलाएं पीली केसरिया साड़ी परिधान में सम्मिलित होंगे, जो भगवान महावीर के संदेशों का शंखनाद करते, जयकारे लगाते तथा भजन गाते चलेंगे।शोभायात्रा का नगर के विभिन्न सामाजिक संगठन की जगह जगह आत्मीय स्वागत करने की भी तैयारी है।

भगवान महावीर जयंती के सुअवसर पर जिला अस्पताल में मरीजों को फल भेंट कर उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की जाएगी। सायंकाल मंदिरों में श्री जी की मंगल आरती की जाएगी। इस अवसर पर आगामी 13 अप्रेल को प्रातः 10 बजे से अतिशय क्षेत्र डेरापहाड़ी पर निःशुल्क हृदय रोग एवं निसंतानता जांच शिविर लगाया जाएगा। इस शिविर में डालमिया अस्पताल के जानेमाने डॉक्टर्स देखेंगे और रियायती दर पर विभिन्न जांचें की जाएंगी।जैन समाज के अध्यक्ष अरुण जैन अन्नू, उपाध्यक्ष अजय फट्टा, प्रमोद सेठ, महामंत्री अजित जैन, कोषाध्यक्ष जितेंद्र जैन सहित समस्त कार्यकारिणी ने सभी बंधुओं से पारंपरिक वेशभूषा में शोभायात्रा में सम्मिलित होने का आव्हान किया है।

## भाजपा प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा का छतरपुर दौरा

### कमलनाथ और राहुल गांधी को फोबिया हो गया: वीडी शर्मा

**छतरपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष एवं खजुराहो सांसद वीडी शर्मा ने अपने अल्प प्रवास के दौरान पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। यह बैठक पार्टी के आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करने और कार्यकर्ताओं को सक्रिय भूमिका निभाने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी।

प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा ने मीडिया से चर्चा करते हुए बताया कि भारतीय जनता पार्टी ने 6 अप्रैल को स्थापना दिवस के अवसर से ही प्रदेश भर में संगठन सशक्तिकरण के लिए कई चरणबद्ध कार्यक्रमों की शुरुआत की है। इसमें सबसे पहले सक्रिय सदस्य सम्मेलन और प्राथमिक सदस्य सम्मेलन आयोजित किए जा रहे हैं, जिसके बाद सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। इन अभियानों के माध्यम से पार्टी का लक्ष्य है कि ज्यादा से ज्यादा लोगों को भाजपा की विचारधारा और नीतियों से जोड़ा जाए। इसके बाद 'गांव चलो अभियान शुरू किया जाएगा, जिसके अंतर्गत भाजपा कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर जनता को मोदी सरकार और शिवराज सरकार की उपलब्धियों से अवगत कराएंगे। उन्होंने कहा कि इसके तहत चौपालों का भी आयोजन होगा, जहां ग्रामीण जनता से सीधा संवाद स्थापित किया जाएगा।



### ईवीएम पर कांग्रेस के आरोपों को किया खारिज

वीडी शर्मा ने कांग्रेस नेता कमलनाथ और राहुल गांधी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि उन्हें फोबिया हो गया है। उन्होंने कहा, ईवीएम नहीं जीताती, जनता जिताती है। भाजपा नेता का यह बयान उस वक्त आया जब हाल ही में कमलनाथ ने आरोप लगाया था कि ईवीएम मशीनें हैक हो सकती हैं। वीडी शर्मा ने कांग्रेस पर पलटवार करते हुए कहा कि यह जनता की जागरूकता और उनके मतदान से तय होता है कि कौन सत्ता में आता है। उन्होंने कहा, कांग्रेस को जनता वोट नहीं दे रही है, इसलिए हार का ठीकरा ईवीएम पर फोडऩा उनकी आदत बन गई है। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा जनता के बीच जाकर जनसेवा और विकास के कार्यों के आधार पर समर्थन प्राप्त करती है, जबकि कांग्रेस केवल भ्रम फैलाने में लगी है।

## करंट लगने से युवक की मौत

छतरपुर

मातगुवां थाना अंतर्गत मंगलवार और बुधवार की देर रात एक व्यक्ति को करंट लगने से मौत हो गई। परिजनों द्वारा पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने सुबह पंचनामा बनाया उसके बाद बॉडी को जिला अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जहां उसका पोस्टमार्टम किया जा रहा है। वहीं थाना पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

जानकारी के अनुसार राममिलन पिता धूराम यादव उम्र 24 निवासी खडग़ांव का रहने वाला है। खेती का काम करता है। मंगलवार की रात राममिलन घर की छत पर खाना खाकर लेटने जा रहा था तभी छत में बनी पिलर में रात के अंधेरे में उसका पांव फस गया और छत के पास लड़के करंट के तार से उसे जोरदार झटका लगा लाइट फाल्ट हुई और तेज आवाज आई। परिवार के लोग मौके पर पहुंचे जहां राममिलन मृत अवस्था में पड़ा हुआ था। उसे उठाकर कमरे में ले गए लेकिन उसके शरीर में जान ना होने के कारण उन्होंने रात भर घर में रखा साथ ही रात को पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने सुबह थाने बुलाया पंचनामा बनाया उसके बाद बॉडी को बुधवार की दोपहर में जिला अस्पताल लेकर आए जहां डॉक्टर ने मौत की पुष्टि की उसके बाद दोपहर में उसका पोस्टमार्टम किया गया। वहीं मातगुवां थाना प्रभारी वीरेंद्र रैकवार ने बताया सूचना मिलने पर रात में पुलिस मौके पर पहुंची थी एंबुलेंस भी आई थी व्यक्ति की मौत हो चुकी थी। उसके दोनों हाथों में करंट के निशान है। परिवार के बयानों के आधार पर जांच की जाएगी। सुबह पंचनामा बनाया गया उसके बॉडी को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा है।

## खनिज ठेकेदार 10 दिनों में सुरक्षात्मक मानकों का प्रमाण पत्र उपलब्ध करावाएं: कलेक्टर

### कलेक्टर ने खदानों में होने वाली दुर्घटनाओं संबंध में ली समीक्षा बैठक, दिए निर्देश

छतरपुर।

सोमवार को कलेक्टर पार्थ जैसवाल की अध्यक्षता में जिले की खदानों में होने वाली दुर्घटनाओं संबंध में समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में एसपी अगम जैन, एएसपी विदिता डागर, एसडीएम, खनिज विभाग के अधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे एवं व्हीसी के माध्यम से जिले के तहसीलदार एवं एसडीओपी जुड़े रहे।



बैठक में खदानों में कार्य करते समय सुरक्षा संबंधी मापदण्डों जिनमें एक्सकेवेटर चलाते समय सावधानी, डम्पर चलाते समय सावधानी, ड्रिलिंग करते समय सावधानी ब्लास्टिंग करवाते समय सावधानी, इलैक्ट्रीकल पैनल चलाते समय आदि कार्यों में बरतने वाली सावधानियों को लेकर चर्चा हुई। कलेक्टर श्री जैसवाल ने निर्देश देते हुए कहा कि खदानों में कार्य करते समय सुरक्षा संबंधी मापदण्डों को पालन करने का सभी खनिज ठेकेदार 10 दिवस में प्रमाण पत्र उपलबध कराएं। कलेक्टर श्री जैसवाल ने राजस्व एवं पुलिस विभाग को 7 से 10 दिन के अंदर जिले की खदानों की सूची निकलवाकर संयुक्त रूप से निरीक्षण करने के निर्देश दिए। जिसमें सुरक्षा मानकों की जांच आदि सुनिश्चित करते हुए प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के लिए कहा। इससे भविष्य की गंभीर घटनाओं से बचने की संभावना रहती है ऐसी घटना भविष्य में ना हो यदि निकल कर आती है तो संबंधित पर कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने खदानों के क्षेत्रों में सुरक्षात्मक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। यदि कोई घटना होती है तो सभी अधिकारी तत्काल संज्ञान में लेते हुए तत्परता दिखाएं। साथ ही होमगार्ड की टीम के साथ समन्वय रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा माईनिंग क्षेत्र के एप्रोच रोड को समतल करें जिससे गाड़ियां आसानी से आ जा सकें। कलेक्टर ने कहा कि 10 दिन में यदि कमियां पाई जाती हैं तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही खनिज अधिकारी को माइनिंग प्लान अप्रूवल करवाकर पालन करवाने के निर्देश दिए। एसपी श्री जैन ने कहा कि दिए गए निर्देशों का संवेदनशीलता के साथ पालन करें। साथ ही खदानों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाएं एवं कार्य करने वाले वर्करों की सूची पुलिस को उपलब्ध कराएं।

**सावधानियां एवं सुरक्षात्मक मानक**

मशीनों की जानकारी रखते हुए चलाने से पहले हमेशा हैलमेट पहनें और आसपास देखें जिससे कोई दुर्घटना न हो, मशानों से उचित दूरी बनाए रखें, मशीनों के टायर में हवा एवं ब्रेक चेक करें, रिवर्स गैर में हॉर्न चलाएं, ओवर लोड गाडी को ओवर टेक न करें, गाडी चलाते समय कोई नशा न करें, डम्पर चलाते समय बैल्ट बाधें, ड्रिलिंग करते समय रोड की जांच करें साथ ही मास्क लगाकर रखें। फर्स्ट ऐड बॉक्स अपने पास रखें, हाथों में दस्ताने पहनें, ब्लास्टिंग करते समय आस पास तार फेंसिंग रहे और 500 मी. की दूरी पर लोगों को रोकें साथ ही ऐसे एरिया में पानी का छिडकाव करवाएं। साथ ही रात में माइंस पर लाइटिंग एवं इंडिकेशन की व्यवस्था सुनिश्चित रहे और समस्त स्टाफ सेफ्टी सूज एवं मास्क का प्रयोग करें।

## सड़क हादसे में घायल महिला की मौत

**छतरपुर।** बुधवार की दोपहर में चंदला थाना क्षेत्र में एक महिला सड़क दुर्घटना में घायल हो गई। परिजन उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चंदला लेकर पहुंचे, एक घंटे इलाज के बाद डॉक्टरों ने महिला को जिला अस्पताल रिफर कर दिया। परिजनों ने एंबुलेंस के लिए प्रयास किया लेकिन एंबुलेंस नहीं मिली तब परिजन प्राइवेट एंबुलेंस से महिला को जिला अस्पताल ला रहे थे तभी महिला ने रास्ते में दम तोड़ दिया। जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद महिला के शव को पीएम के लिए मर्चुरी में रखवा दिया है। वहीं थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार रंजना पति पप्पू प्रजापति उम्र 32 साल निवासी ग्राम छपरा का रहने वाला है। खेती किसानी का काम करता है। राशन खत्म हो जाने के कारण पत्नी रंजना के खाते से लाडली बहना योजना के पैसे निकालने के लिए चंदला जा रहा था तभी कन्या स्कूल के सामने क्रॉसिंग के दौरान एक बाइक ने उसे कट मार दिया जिससे महिला गिर गई सिर में चोट लगने के कारण उसे अस्पताल में भर्ती किया गया। 1 घंटे तक इलाज चलने के बाद डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया आधा घंटे तक एंबुलेंस का इंतजार किया जब नहीं मिली तो प्राइवेट वाहन कर जिला अस्पताल लाते समय रास्ते में महिला ने दम तोड़ दिया। जिला अस्पताल में डॉक्टर अरविंद सिंह ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## अवैध मादक पदार्थ और हथियार के मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

**छतरपुर।** कोतवाली पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ गांजा और अवैध हथियार देशी कट्टा के प्रकरण में लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी अरबाज खान को गिरफ्तार किया है। इससे पहले पुलिस ने आरोपी की बहन और उसके पति को भी इस मामले में हिरासत में लिया था। गौरतलब है कि इन दिनों छतरपुर पुलिस लगातार फरार वांछित अपराधियों और इनामी बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चला रही है।



उक्त मामला अगस्त 2024 का है, जब थाना कोतवाली पुलिस ने टोरिया मोहल्ला पानी की टंकी के पास से असलम अंसारी और उसकी पत्नी तरन्नुम बेगम को गिरफ्तार किया था। उनके पास से एक देसी तमंचा, दो जिंदा कारतूस, एक स्टील का चाकू और अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद हुआ था। जांच में पता चला कि अवैध सामग्री का स्रोत तरन्नुम का भाई अरबाज खान था, जो फरार था। तीनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट और आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। हाल ही में थाना कोतवाली पुलिस ने तीसरे आरोपी अरबाज अंसारी, पिता इलियास अंसारी, निवासी मनखारी मोहल्ला, महोबा, उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। यह सफल कार्रवाई नगर पुलिस अधीक्षक अमन मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक अरविंद सिंह दांगी, उप निरीक्षक राहुल शुक्ला, सहायक उप निरीक्षक गिरजेश राजा, आरक्षक अखंड प्रताप सिंह, नरेश प्रताप सिंह और पुलिस टीम द्वारा की गई।

## दुर्गा कॉलोनी में धूमधाम से हुआ जवारों का विसर्जन

**छतरपुर।** शहर की दुर्गा कॉलोनी स्थित दुर्गा शक्ति पीठ आश्रम मंदिर में चैत्र नवरात्रि के अंतिम दिन भक्तों द्वारा धूमधाम से जवारों का विसर्जन किया गया। नवमी तिथि पर भव्य कन्या भोज और विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। इस धार्मिक आयोजन के मुख्य आयोजक देवेंद्र यादव उर्फ हल्के भैया रहे। देवेंद्र यादव ने बताया कि चैत्र नवरात्रि के नौ दिनों तक श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर में माता रानी की आराधना करते हुए खप्परों में जवारे बोए थे। नवमी को विधिपूर्वक पूजन अर्चन कर ढोल-नगाड़ों की गूंज के साथ जवारों की शोभायात्रा निकाली गई। महिला भक्त मंडलियों सहित श्रद्धालुओं की टोली मंदिर से जवारों को लेकर दुर्गा कॉलोनी स्थित तलैया तक पहुंची, जहां विधि विधान से उनका विसर्जन किया गया। कार्यक्रम का समापन कन्या भोज एवं भंडारे के साथ हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर प्रसाद ग्रहण किया और पुण्य लाभ अर्जित किया।